# आयो है जन्मदिन खाटू के प्यारे बाबा श्याम को लिरिक्स

आयो है जन्मदिन,
खाटू के प्यारे बाबा श्याम को,
देंगे मिलकर आज बधाई,
हम अपने श्री श्याम को,
आयो हैं जन्मदिन,
खाटू के प्यारे बाबा श्याम को।bd।

---

सजा दिया दरबार श्याम का,
फूलों और गुब्बारों से,
बागो में सज धज कर बैठे,
बाबा म्हारे शान से,
बाबा को कहीं नज़र ना लागे,
काजल टीका वार दो,
आयो हैं जन्मदिन,
खाटू के प्यारे बाबा श्याम को।bd।

---

ढोल बजे मृदंग बजे और,
बाज रहे ढप चंग,
बाबा के संग नाचेंगे हम,
होकर मस्त मलंग,
केक खिलाएं और मिठाई,
श्याम धनी सरकार को,
आयो हैं जन्मदिन,
खाटू के प्यारे बाबा श्याम को।bd।

---

कार्तिक शुक्ल पक्ष में जन्मे,
मोरवी लाल हमारे है,
कलयुग के अवतारी बाबा,
हारे के वो सहारे है,
‘संजय दीप’ अपने भजनो से,
रिझा रहे बाबा श्याम को,
आयो हैं जन्मदिन,
खाटू के प्यारे बाबा श्याम को।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

आयो है जन्मदिन,
खाटू के प्यारे बाबा श्याम को,
देंगे मिलकर आज बधाई,
हम अपने श्री श्याम को,
आयो हैं जन्मदिन,
खाटू के प्यारे बाबा श्याम को।**bd।**

**Singer – Sanjay Deep**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com